कार्यालयः—जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कुशीनगर।

पत्रांकःएस0एस0ए0/सामु0सह0/ 21182-88 /2026—27 दिनांकः 21-11-26

विज्ञप्ति

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्रांकःएल०बी०डी० अनुदेशक—2/5313/2024—25 दिनांकः 09 सितम्बर, 2024 के अनुपालन में तकनीकी अनुदेशक के 21 रिक्त पदों पर सेवाप्रदाता **स्ट्रगल लाईफ साल्यूशन प्रा०लि०, लखनऊ** के माध्यम से आउटसोर्सिंग के आधार पर चयन के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी **https://sewayojan.up.nic.in/** पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं, आवेदन करने की **अंतिम तिथि दिनांक 27.11.2026 को रात्रि 12.00 बजे तक** है। उक्त पदों पर तैनाती हेतु पदों की संख्या, अर्हता एवं मानदेय निम्नवत् है—

क्र० सं०	पदनाम	रिक्त पदों की संख्या	अर्हता एवं आयु सीमा	आयु सीमा	प्रतिमाह मानदेय
1	तकनीकी अनुदेशक (इंजीनियरिंग एण्ड वर्कशाप ट्रेड)	06	राजकीय मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई०टी०आई०) से किसी 01 ट्रेड में सर्टिफिकेट—कन्सट्रक्शन एण्ड वुडवर्किंग/फैब्रिकेशन (फिटिंग एण्ड वेल्डिंग/फिटर/जनरल कारपेंटर/प्लम्बर/शीट मेटल वर्कर/ पेंटर	21—40 (01 जुलाई, 2023 को न्यूनतम 21 वर्ष तथा आवेदन अंतिम तिथि को अधिकतम 40 वर्ष)	रुपये 10450/— (अभिदाता अंशदान सहित)
2	तकनीकी अनुदेशक (एनर्जी एण्ड एन्वायरमेंट ट्रेड)	09	राजकीय मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई०टी०आई०) से किसी 01 ट्रेड में सर्टिफिकेट—इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिशियन/इलेक्ट्रानिक्स/इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक		
3	तकनीकी अनुदेशक (एग्रीकल्चर, नर्सरी एवं गार्डनिंग)	06	बी०एस०सी० एग्रीकल्चर		

(अनिल कुमार सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
कुशीनगर।

पृ०सं०:—एस०एस०ए०/सामु0सह0/ —— /2026—27 तद्दिनांकित ।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, लखनऊ।
02. जिलाधिकारी महोदय, कुशीनगर।
03. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, कुशीनगर।
04. सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), सप्तम मंडल, गोरखपुर।
05. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, कुशीनगर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को **N.I.C.** के वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
06. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, कुशीनगर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराना सुनिश्चित करें।
07. दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण एवं हिन्दुस्तान को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञापन को न्यूनतम साईज में शासकीय दरों पर प्रकाशित करने का कष्ट करें तथा भुगतान हेतु बिल दो प्रतियों में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध करायें।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
कुशीनगर।